# सही बातें
# प्रयास

आशीषानुकंपा

**शताब्दी देशनाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी मुनिराज**

कृतिकार

**श्रुतसंवेगी श्रमण आदित्यसागर जी मुनिराज**


प्रकाशक

समर्पण समूह

जैनं वचनं सदा वंदे

आशीषानुकंपा

**शताब्दी देशनाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी मुनिराज**

कृतिकार

**श्रुतसंवेगी श्रमण आदित्यसागर जी मुनिराज**

संपादन / सहयोग

**श्रुतप्रिय श्रमण अप्रमितसागर जी मुनिराज**
**सहजानंदी श्रमण सहजसागर जी मुनिराज**

कृति का नाम

# सही बातें
प्रयास

संस्करण

2023 : 1008 प्रतियाँ

प्राप्ति स्थान

भोपाल : 91790-50222

जबलपुर : 98276-07171

इन्दौर : 98260-10104

इन्दौर : 94253-16840

भीलवाड़ा (राज.) : 63766-49881

आकल्पन एवं मुद्रण

डीसेन्ट ग्राफिक्स इंदौर

मो. 98260-14047

# शुभाशीष...

वस्तु स्वभाव में परिणामी एवं अपरिणामी है। द्रव्य-दृष्टि से अपरिणामी व पर्याय दृष्टि से परिणामी, पर जो इस सत्य को नहीं जानता वह दूसरे के लिए बोलता है - अमुक व्यक्ति बदल गया, जबकि वह स्वयं भी बदला है। एक-ही समय में परिणाम व अपरिणाम धर्म विद्यमान रहता है, इस **सही बात** को जो जानता है, वह सत्यज्ञाता पर में दोषों का अन्वेषण नहीं करता है, अपितु वस्तु के वस्तुत्व को सम्यक् जानकर मध्यस्थ हो जाता है।

इसी भावना से ओत-प्रोत **तत्त्वान्वेषी श्रुतसंवेगी श्रमण आदित्यसागर जी ने ''सही बातें''** नामक कृति का सृजन कर वागीश्वरी के कोष को वर्धमान किया है। वे इसी प्रकार सम्यक् श्रुताभ्यास पूर्वक साहित्य-सृजन कर के संस्कृति का संवर्धन करें, यही शुभाशीष है।

**ॐ नमः सिद्धेभ्यः**



**शताब्दी देशनाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी मुनिराज**

# मेरी बात-सही बात

अनेकों चिंतकों ने अपने अभिनव, अभिजात और आत्मोन्मुखी चिंतन से इस भारतीय तत्त्वमनीषा के वाङ्मय को सुसंवर्धित किया है। वही चिंतन समीचीन-चिंतन कहलाता है, जो सिद्धांत, तर्क और पूर्वाचार्यों की कथनी से मेल खाता है।

हर व्यक्ति की बातें सही नहीं होती और हर व्यक्ति की बातें गलत भी नहीं होती, कई बार समझने का नज़रिया भी गलत होता है। इस कृति के सृजन का हेतु ऐसे ही कुछ गलत नज़रियों को सही करना है।

विश्ववंद्य प्रभु वर्धमानस्वामी के अहिंसामय सत्यार्थ सिद्धांत जन सामान्य तक पहुँचाने के लिये शब्द और भाषा दोनों ही जनपद संबंधी होना अनिवार्य है। इसी कारण से यह सृजन गुरुप्रसाद, आगमाध्ययन, स्वानुभव और स्वयुक्ति के साथ-साथ सुगम शब्द और भाषा से मैंने अभिसिंचित किया है।

आशा है लघुकृत्य के रूप में प्रस्तुत मेरी कुछ **सही बातें** चिरकाल से प्रचलित गलत बातों को चिरकाल तक सही रखने में सहायक बनेगी।

**ॐ नमः सिद्धेभ्यः**



श्रुतसंवेगी श्रमण आदित्यसागर जी मुनिराज

## सही बातें
### प्रयास

जो अकड़कर जीता है
वो अकेला रह जाता है,
जो नमकर जीता है
वो प्रिय बन जाता है;
इसलिये
''मैं '' को जीवन से विदा करें
''हम'' को स्थान दें...

**सही बात है...**

मान के नशे में नहीं रहता ज्ञान,
छोड़ो मान बन जाओ भगवान...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कुछ लोगों को देखा मैंने–
दिखते कुछ और हैं,
कहते कुछ और हैं
और
होते कुछ और हैं,
ऐसे लोगों के मन में
माया जम चुकी है,
इसलिये
ऐसे लोगों पर विश्वास नहीं जमता...

**सही बात है...**

बुरे न दिखें न ही बनें
मायाचारी न करें सरल स्वभावी बनें...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

क्रोध आपको अंधा बनाता है,
मान आपको बहरा बनाता है,
माया आपको गूँगा बनाती है,
लोभ आपको पापी बनाता है,
इसलिये
क्रोध-मान-माया की अपेक्षा
लोभ को पहले छोड़ें...

**सही बात है...**

कामनाओं के बादल को
संतोष की वायु से उड़ाओ
निर्लोभी हो जाओ...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें प्रयास

झूठे लोगों पर
विश्वास नहीं जमता,
इसलिये
मुझे झूठे लोगों का
साथ नहीं जमता;
कम सही
मगर मैं
सही लोगों का साथ पसंद करता हूँ,
झूठे लोगों को मैं
जीवन से जल्दी विदा करता हूँ...

**सही बात है...**

साथ उनके रहें, साथ उनको रखें
जो आपके साथ झूठ का व्यवहार न करें...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

बिना लगाम का घोड़ा,
बिना अंकुश का हाथी,
बिना नकील का ऊँट,
बिना ब्रेक की गाड़ी,
बहुत घातक होती है;
वैसे ही
बिना संयम का जीवन भी
बहुत घातक होता है...

**सही बात है...**

बिना ब्रेक की कार बेकार है,
बिना नियंत्रण का जीवन भी बेकार है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

धूप में फल पके
तो  स्वाद-युक्त होता है,
आग में भोजन पके
तो शक्ति-युक्त होता है,
भट्टी में स्वर्ण तपे
तो कुंदन बनता है,
तपस्या में मानव तपे
तो भगवान बनता है...

**सही बात है...**

कुछ पाना है
तो कुछ खोना होगा,
भगवान बनना है
तो कर्म धोना होगा...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

देने की बात सुनकर
अकसर लोग
या तो बेहरे हो जाते हैं
या फिर बहाने बनाते हैं
या फिर भाग जाते हैं;
इसलिये
त्याग का भाव लाना कठिन है...

**सही बात है...**

भीड़ को इकट्ठा करना हो
तो बाँटना शुरु कर दो,
भीड़ को भगाना हो
तो माँगना शुरु कर दो...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

आपको
जन्म दूसरे ने दिया है,
नाम दूसरे ने दिया है,
शिक्षा दूसरे ने दी है,
काम दूसरे ने दिया है,
और
श्मशान भी दूसरे ही ले जायेंगे;
आज आप जरूर सोचें
आपके पास आपका क्या है...

**सही बात है...**

हमें लगता है
बाहर की चीजें हमारी हैं,
मगर
आपके स्वयं के गुण ही आपके हैं
यही सच्चाई है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जितना अधिक हो सके
उतना अधिक
अपने भावों को वश में करें,
क्योंकि
आप शरीर से कम
भावों से ज्यादा पाप करते हैं;
भाव अगर आपके वश में हैं
तो भगवान बनना आपके हाथों में है...

**सही बात है...**

भावों को संभालें,
कहीं पश्चिम की हवा
आपके भावों से
आपके संस्कारों को न उड़ा ले...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

क्षमा करना
या
क्षमा माँगना कठिन है,
मगर
मन से क्षमा करना
या
मन से क्षमा माँगना
अत्यंत कठिन है;
क्षमा हृदय में हो
क्षमा हृदय से हो
तब ही क्षमा सार्थक है...

**सही बात है...**

एक बार सच्ची क्षमा
वाणी में आ जावे,
तो हर बार
क्यों क्षमा-वाणी मनायी जावे...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अपने जीवन के फैसले
कुछ इस तरह से लें
जिससे आपके सुख में वृद्धि हो
और
दूसरे के जीवन में
दु:ख की वृद्धि न हो,
जो बिना दु:ख दिये मिले
वही सच्चा सुख है...

**सही बात है...**

दूसरों को दु:ख देकर
आपको कभी सुख नहीं मिल सकता...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

किसने आपके साथ
क्या–क्या किया है
ये भूल जायें,
आपने किसके लिये
क्या–क्या किया है
ये भी भूल जायें;
आपको आगे क्या–क्या करना है
सिर्फ ये ही विचार करें...

**सही बात है...**
भविष्य को अच्छा करने के लिये
वर्तमान को अच्छा करना
आवश्यक है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

किसी को दु:ख देकर
अगर आपको सुख मिलता है
तो आपकी गिनती
अच्छे लोगों में नहीं हो पायेगी,
अच्छे लोग वे ही कहलाते हैं
जो अच्छे काम कर पाते हैं...

**सही बात है...**

फूल बनना सीखें
सुख देना महकना सीखें
काँटे बनकर जीने में
कोई फायदा नहीं है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें प्रयास

आज एक बार जरूर सोचना
आप दिखावा क्यों करना चाहते हैं?
और
दिखावा करके आपको क्या मिलेगा?
ध्यान रखें –
दिखावा करके
आप किसी और को नहीं
स्वयं को ही धोखा दे रहे हैं
और
झूठी जिन्दगी जी कर
झूठे आनंद की कल्पना कर रहे हैं...

**सही बात है...**

दिखावे में आनंद नहीं है
सच्चाई में आनंद है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

अगर आपका
अभिप्राय अच्छा नहीं है
तो आपका भविष्य भी
अच्छा नहीं होगा,
इसलिये
अपने अभिप्राय को
हमेशा अच्छा रखें...

**सही बात है...**

बात या व्यक्ति
अच्छा हो या न हो,
अपने अभिप्राय को हमेशा अच्छा रखें,
अच्छा आपको होना है
दूसरों को नहीं...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जब तक आप
अपनों की इच्छायें पूरी करते रहेंगे
तब तक आप
उनके प्रिय बने रहेंगे;
इच्छा के विपरीत काम करने से
अपने भी पराये हो जाते हैं...

**सही बात है...**

स्वार्थ पूरा होने तक
सब अपने हैं;
स्वार्थ पूर्ति न होने पर
अपने भी पराये हो जाते हैं...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

दु:ख के दिनों में
दु:खी मत होना,
सुख के दिनों में
खुश मत होना,
क्योंकि
जीवन में अच्छे-बुरे दोनों दिन आते हैं;
खास बात ये है कि
अच्छे-बुरे दोनों ही दिन
हमेशा नहीं रहते...

**सही बात है...**

खिला फूल भी मुरझाता है
और
बंद कली भी खिलती देखी जाती है
समय बदलते देर नहीं लगती...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कई बार हम
ज्यादा की चाह में
अच्छे को भूल जाते हैं
और
ऐसा होने से
हम उसे भी चाह लेते हैं
जो हानिकारक हो,
इसलिये
अधिक की चाह न करें
अच्छे की चाह करें...

**सही बात है...**

अधिक की चाह, अनिष्ट की राह है;
अधिक की नहीं, हित की चाह करें...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

अपने जीवन में चाहे जो हो जाये
झूठ का सहारा कभी न लिया जाये,
झूठ से बने रिश्ते बिगड़ते हैं
सच से बने रिश्ते सँवरते हैं...

**सही बात है...**

झूठ के कागज पर बने महल
गिर जाते हैं,
सच के पत्थर पर बने महल
टिक जाते हैं...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें प्रयास

इस स्वार्थ भरी दुनिया में
हर कोई स्वार्थ के लिये जीता है,
जब–जब जिसे भी आपसे काम होगा
तब–तब ही वो आपके साथ होगा,
काम नहीं है तो नहीं आयेगा
और
काम पूर्ण होने पर चला जायेगा...

**सही बात है...**

फल भी पकने के बाद
वृक्ष का साथ छोड़ देते हैं,
प्रकृति भी कह रही है सब स्वार्थी हैं
काम निकलने के बाद
सब निकल जाते हैं...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

बड़े लोगों से
छोटे काम न करायें,
छोटे लोगों से
बड़े काम न करायें,
जो जिसके योग्य हो
उससे वो ही काम करायें,
अन्यथा हमेशा होंगी
काम बिगड़ने की पूरी संभावनायें...

**सही बात है...**

सुई से
कभी युद्ध नहीं लड़ा जाता
और
तलवार से
कभी कपड़ा नहीं सिला जाता ...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

किस्मत
कई बार चलती है,
कई बार रुकती है,
कई बार बदलती है,
जैसा उदय होता है
जैसा पुरुषार्थ होता है;
किस्मत का खेल भी वैसा ही होता है...

**सही बात है...**

किस्मत को अच्छा-बुरा मत कहो,
अपने पुरुषार्थ को अच्छा करो
किस्मत भी
अच्छी होती चली जाती है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

परायों को
अपना समझने के कारण
हर बार तुमने
खुद को दु:खी किया है,
इसलिये
अपने-पराये का भेद
समय पर कर लेना चाहिये,
इस भेद को समझने में
तुम जितनी देर लगाओगे,
तुम्हें सम्भलने में उतनी देर लगेगी...

**सही बात है...**

आप सीधे हैं
ये अच्छी बात है,
दूसरे आपके सीधेपन का फायदा न उठायें
ये सबसे अच्छी बात है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अगर काँटे बिछाये हैं
तुमने किसी की राहों में,
तो तुम्हें कभी भी
फूलों की महक नहीं मिलेगी,
चाहो या न चाहो
मगर
अकेलापन, धोखा, रोग-शोक
और बे-सहारा होने की पीड़ा
तुम्हें जरूर मिलेगी ...

**सही बात है...**

अगर तुमने किसी को
काँटे की चुबन दी है,
तो तुम्हें भी
तलवार का घाव सहने के लिये
तैयार रहना चाहिये ...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

रोटी ज्यादा देर तक तवे में रहे
तो जल जाती है
और
तवे से जल्दी उतार ली जाये
तो कच्ची रह जाती है,
बिना सोचे
और
अधिक सोचकर किये गये काम
किसी काम के नहीं रहते...

**सही बात है...**

जीवन के हर निर्णय के पहले
सोचना जरूर,
मगर सोचते ही मत रह जाना
कुछ करके भी दिखाना भी जरूर...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

आपका भविष्य
आपकी सोच पर निर्भर करता है,
अपने और दूसरों के बारे में
आप जैसा सोचेंगे
आपका भविष्य भी
वैसा ही होगा;
सोच अच्छी तो भविष्य अच्छा,
सोच बुरी तो भविष्य बुरा...

**सही बात है...**

दूसरों के बारे में
कभी गलत न सोचें,
खासकर उनके लिये
जो सबका अच्छा सोचते हों...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

जिस शिष्य में
गुरु को योग्यता दिखती है
उस शिष्य को ही
गुरु की आज्ञा मिलती है,
मेरा अनुभव है...
जो कभी गुरु-आज्ञा का
उल्लंघन नहीं करते हैं,
वो ही हमेशा
ऊँचाइयों के शिखर पर बैठते हैं...

**सही बात है...**

जीवन में चाहे जो हो जाये
गुरु-आज्ञा कभी न टाली जाये...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

माता–पिता और गुरु से छिपाकर
कोई काम मत करना,
अगर
आप ऐसा करते हैं
तो आपसे बड़ा धोखेबाज
कोई और नहीं होगा;
जिन्होंने आपको कुछ बनाया है
आप उन्हें मूर्ख न बनायें...

**सही बात है...**

जीवन देने वाले को
और
जीवन बनाने वाले को
धोखा देने से
आपको भी भविष्य में
सिर्फ और सिर्फ धोखा ही मिलेगा...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कई बार कई चीजों की
चिंता मैंने बहुत की,
मगर
चिंता से
कुछ अच्छा हुआ नहीं,
जब-जब मैंने चिंता छोड़ी
चिंतन करने बैठ गया
तो उपाय मिलता गया
और
बिगड़ा काम भी बनता चला गया...

**सही बात है...**
चिंता तो चिता है,
चिंतन करना भला है ...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कभी किसी के बारे में
कुछ भी कहने से पहले
विचार जरूर करें–
''आप किसके बारे में क्या कह रहे हैं'',
कई बार सही व्यक्ति के बारे में
गलत कहने से
आपके साथ
बहुत कुछ गलत हो सकता है...

**सही बात है...**

बिना सोचे कहने वाले को
जीवन भर सहना पड़ सकता है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अगर मैं तुम्हें
अच्छा नहीं लगता हूँ,
तो ही मैं तुम्हारे लिये बुरा हूँ
पूरी दुनिया के लिये नहीं;
एक तुम ही हो
जो मुझे अच्छा मानते नहीं,
पूरी दुनिया तुम्हारे जैसी नहीं...

**सही बात है...**

ये हमारी कमी कहो या खासियत
हम बुरे लोगों को अच्छे नहीं लगते...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कभी भी किसी के बारे में
बुरा सोचने के पहले
1 नहीं 100 बार सोचना,
और बुरा करने के पहले
1000 बार सोचना;
क्योंकि
आपके किसी के बारे में
बुरा सोचने या करने से बुरा होगा
ये जरूरी नहीं
मगर
आपका बुरा जरूर होगा...

**सही बात है...**

कब्र खोदने वाला, पहले कब्र में जाता है,
क्रब जिसके लिये खुदी है
वो तो बहुत बाद में जाता है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

लोग अगर आपको पसंद न भी करें
तो भी घबराने का नहीं,
अच्छी चीजों की पहचान
अच्छे लोगों को ही होती है
पागलों को नहीं,
अपना आंकलन दूसरों को न करने दें
अपना आंकलन अपने गुणों से करें...

**सही बात है...**

जंगल में घूमने वाले भीलों को
कहाँ होती है रत्नों की पहचान,
ये तो है सिर्फ जौहरियों का काम...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

आत्म-विश्वास तभी सफल होता है
जब पुण्य का उदय होता है,
मैंने अनुभव किया है-
जहाँ गुरु-आशीष
और
आत्म-विश्वास की शक्ति होती है,
वहाँ हर समय सफलता होती है...

**सही बात है...**

गुरु-कृपा से
कठिन से कठिन काम भी
सरल से सरल हो जाता है,
पहाड़ चढ़ना भी
सीढ़ी चढ़ना जितना
आसान हो जाता है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

कार्य में सफलता
पुरुषार्थ के बिना संभव नहीं,
लेकिन
पुरुषार्थ मात्र से भी
सफलता संभव नहीं,
गुरु-प्रभु का साथ
और घोर-घोर पुरुषार्थ
निश्चित होगी सफलता हमारे पास...

**सही बात है...**
पुरुषार्थ करने से ही सफल होते
तो सभी सफल होते,
मगर ऐसा होता नहीं;
क्योंकि गुरु का साथ
सबके साथ होता नहीं...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जीवन में
जिसको भी सुखी रहना हो,
उसे बुद्धि, विवेक
और धैर्य से काम लेना चाहिये;
हमेशा ध्यान रखना चाहिये-
देखना-जानना चाहिये
मगर
प्रतिक्रिया नहीं देना चाहिये...

**सही बात है...**

देखना-जानना बुरा नहीं,
प्रतिक्रिया देना बुरा है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

आपकी सोच और लक्ष्य
जितना बड़ा होगा
आपकी जीत भी
उतनी ही बड़ी होगी,
खास बात ये है कि-
सिर्फ सोच और लक्ष्य ही नहीं
आपका पुरुषार्थ भी
उतना ही बड़ा होना चाहिये...

**सही बात है...**
जो जितना सोचता है
उतना ही चल पाता है
और
जो जितना चलता है
उतना ही पाता है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जिसने भावों को संभाला है
उसने अपना भविष्य संभाला है,
जिसने भावों को बिगाड़ा है
उसने अपना भविष्य बिगाड़ा है;
विचार अवश्य करें-
भाव बिगड़ते ही, भव बिगड़ते हैं
भव बिगड़ते ही, सब बिगड़ता है...

**सही बात है...**

घर-धन-मित्रों को संभालने की अपेक्षा
भावों को संभालने का प्रयास करें...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

ये चाह कभी मत रखना
कि सभी लोग आपको चाहें,
आपको पसंद करें;
क्योंकि
आज के लोग
अच्छी चीजों को नहीं,
अपनी चीजों को पसंद करते हैं...

**सही बात है...**

सभी को अच्छे लगने से
अपने आपको अच्छा मत मानना,
जब आप अपने आपको
अच्छे लगने लगें
तब अपने आपको अच्छा मानना...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

शोक और भय की बातों से
मूर्ख लोग दुःखी होते हैं
समझदार लोग नहीं,
क्योंकि
समझदार लोग जानते हैं
शोक-भय के दिन
ज्यादा दिन तक नहीं रहते,
समझदार लोग ऐसे दिनों में
ज्यादा खुश होकर जीते हैं...

**सही बात है...**

दुःख के दिनों में
जो जितना दुःखी होता है,
उसके दुःख के दिन
उतने ज्यादा समय तक रहते हैं...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

अगर आपके अंदर दया है
तो ही आप मानव हैं,
अगर आप दया रहित हैं
तो आप मानव होकर भी दानव हैं;
कुछ सीखें या न सीखें
दया करना जरूर सीखें...

**सही बात है...**

वर्तमान में
उसे ही दया आती है
जो भविष्य का भगवान है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

बिछड़कर मिलना
मिलकर बिछड़ना,
ये तो जीवन के नियोग हैं,
मगर
दूरियों के पल में भी
गुरु-दर्शन की ललक बने रहना
यही शिष्य की पहचान है;
गुरु-शिष्य का साथ में होना
उतना जरूरी नहीं है
जितना पास में होना है...

**सही बात है...**

दूरियाँ होना बड़ी बात नहीं है,
दूरियाँ बना लेना बड़ी बात है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

दुःखों का आना-जाना तो
जीवन में लगा ही रहता है,
मगर
दुःख के दिनों में यही सोचना-
दुःख आने पर भी मुझे
दुःख नहीं होना है
क्योंकि
दुःख के दिन कुछ दिन के हैं
हमेशा का लिये नहीं हैं...

**सही बात है...**

दुःखों का आना हमारे हाथों में नहीं,
मगर
दुःखी न होना हमारे हाथों में है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

जो भी कर्म करें
सोच–विचारकर ही करें,
क्योंकि
जब किये कर्मों का कर्मोदय आता है
तब सुनामी की तरह
सब साफ हो जाता है;
मैंने अनुभव किया है–
जब कर्मों का जोर आता है
तब किसी का जोर काम नहीं आता है...

**सही बात है...**
जब कर्मों की चलती है
तब किसी की नहीं चलती है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अपनों का
हमेशा अपने साथ रह पाना
सच में असंभव ही है;
कभी अपने रहते हैं
तो हम खो जाते हैं,
कभी हम रहते हैं
तो अपने खो जाते हैं...

**सही बात है...**

अपनों का साथ न होने पर भी
अपनों का एहसास बना रहना
आवश्यक है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

इस जीवन में
तीन प्रकार के लोग मिले मुझे
1. साथ निभाने वाले,
2. दगा देने वाले,
3. मतलब निकालने वाले,
साथ निभाने वाले कम
और दगाबाज-मतलबी ज्यादा मिले मुझे,
फिर भी मैं खुश हूँ;
क्योंकि
कुछ लोगों के चेहरे
तो कुछ लोगों के दिल पढ़े मैंने...

**सही बात है...**

इस दुनिया में
अपने कम, पराये ज्यादा हैं
साथी कम, स्वार्थी ज्यादा हैं...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जो अपने समय को
गुरु-सेवा में समर्पित करते हैं
वो ही आने वाले समय में
पुण्यात्मा बनते हैं,
ऐसे लोगों को
दुनिया कभी नहीं भूलती है;
क्योंकि
जो गुरु को नहीं भूला
दुनिया उसी को याद रखती है...

**सही बात है...**

जो गुरू-सेवा करते हैं
उनके सारे काम बनते चले जाते हैं,
जो गुरु को भूला करते हैं
उनके सारे काम बिगड़ते चले जाते हैं...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कई बार कई लोग
अपने काम बनाने के लिये
दूसरों के काम बिगाड़ते हैं,
मगर
ऐसे लोगों के बने काम भी
बिगड़े के समान ही होते हैं;
अपना काम बनाना अच्छी बात है
दूसरों का काम बिगाड़ना अच्छी बात नहीं...

**सही बात है...**
अगर तुम दूसरों को गिराकर उठे हो,
तो तुम उठकर भी गिरे हुये ही हो...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जीवन में सदा सफल होने के लिये
शारीरिक बल से ज्यादा
बौद्धिक बल आवश्यक है;
शरीर का बल
कभी-कभी जीत दिलाता है,
बुद्धि का बल
हमेशा जीत दिलाता है...

**सही बात है...**

जीते जी और मरने के बाद भी
दुनिया आपके शरीर की कम
बुद्धि की ज्यादा प्रशंसा करती है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

धर्म और सुख का संग्रह
धन से नहीं
पुण्य से होता है–
और
पुण्य का संग्रह
प्रभु–गुरु की सेवा से होता है;
इसलिये
धन और पुण्य के संग्रह के लिये
यहाँ–वहाँ घूमने की अपेक्षा
प्रभु–गुरु की शरण में रहें...

**सही बात है...**

पुण्य से सारे काम बनते हैं
और पुण्य
प्रभु–गुरु कृपा के बिना
नहीं बरसता हैं...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अच्छे लोगों का मिलना
अच्छी किस्मत की बात है,
मगर
अच्छे लोगों का साथ
हमेशा बने रहना
अच्छी किस्मत के साथ-साथ
अच्छे व्यवहार
और
अच्छे पुरुषार्थ का काम है...

**सही बात है...**

जीवन में जितनी जरूरत किस्मत की है
उतनी ही जरूरत
अच्छे व्यवहार और पुरुषार्थ की भी है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अगर आपके कारण
दूसरों के जीवन में
दु:ख उपस्थित हो रहा है
तो आप धन्य नहीं हैं,
अगर आपका प्रयास
किसी के जीवन में
सुख बढ़ाने का है
तो आप जरूर धन्य हैं;
दूसरों को दु:ख न देने की प्रतिज्ञा करें
आज के दिन स्वयं को धन्य करें...

**सही बात है...**

दु:ख देने वाला धन्य नहीं, निकृष्ट है;
मगर
सुख देने वाला धन्य-धन्य है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

छोटी और विपरीत सोच वाले लोग
छोटी सफलतायें ही प्राप्त कर पाते हैं,
लेकिन
बड़ी और सही सोच वाले लोग
बड़े-बड़े हादसों में भी
बिना डरे, बिना रुके
बड़ी सफलतायें प्राप्त कर लेते हैं...

**सही बात है...**

बूँद जैसी छोटी सोच वालों का
कभी अस्तित्व नहीं बनता,
अपनी सोच को
आसमान जैसा बड़ा रखें ...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

इस दीपावली
अपने घर में दीप जलाने के साथ-साथ
किसी के जीवन में भी
दीप जलाने का प्रयास करें,
घर में जलाया गया दीप
सिर्फ आपके घर में उजाला देगा
वो भी कुछ समय के लिये;
मगर
किसी के जीवन में जलाया गया दीप
उसके पूरे परिवार में उजाला देगा
वो भी जीवन भर के लिये...

**सही बात है...**

अपने घर के साथ-साथ
दूसरों के घर में भी प्रकाश हो,
यही हम सबका प्रयास हो...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

दीपोत्सव के दिन
स्वयं में
ज्ञान के घी का
दया की बाती का
एक ऐसा अखण्ड दीप जलायें,
जो आपके साथ-साथ
दुनिया को भी प्रकाश दे,
मिट्टी का दिया जलाना उतना जरूरी नहीं
जितना जरूरी ज्ञान-दया का दिया है...

**सही बात है...**

जलना सीखो मगर दीपक की तरह,
कोयले और पटाखों की तरह जलोगे
तो राख हो जाओगे...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

दिखावे की जिन्दगी जीना
आपको अच्छा लग सकता है,
मगर
दिखावे की जिन्दगी
अच्छी नहीं होती है;
क्योंकि
मुखौटे का चेहरा अच्छा हो सकता है
मगर सच्चा नहीं हो सकता...

**सही बात है...**
दिखाना ज्यादा दिनों तक नहीं चलता
ज्यादा दिनों तक तो सच्चाई चलती है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

लोग आपकी तुलना
महान व्यक्तियों से करें,
मगर
आप कभी भी, किसी से भी
अपनी तुलना न करें;
आप तो अपना काम करें
तुलना करने का काम दूसरों पर छोड़ दें...

**सही बात है...**

जिनमें कुछ होता है
उनकी ही तुलना होती है,
जिनमें कुछ नहीं होता है
वो ही अपनी तुलना करते हैं...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जब भी मिले जैसे मिले
ज्ञान ले लेना चाहिये,
जब भी जैसा भी मौका मिले
अज्ञान छोड़ देना चाहिये;
ज्ञान संपत्ति है इसे जोड़ें,
अज्ञान विपत्ति है इसे छोड़ें...

**सही बात है...**

धन पास में होना बड़ी बात नहीं,
ज्ञान-धन पास में होना बड़ी बात है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जब आपको
अपनों की आवाज परायी
और
परायों की आवाज अपनी लगने लगे,
तो समझ लेना
अपनों में परायापन
और
परायों में अपनापन जाग रहा है...

**सही बात है...**
जब भाव बदलता है,
तब अपनों को पराया होने में
वक्त नहीं लगता है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

आपके शब्दों से
किसी का दिन जरूर बनें,
मगर
आपके शब्दों से
किसी का दिल न दुःखे;
इसलिये
शब्दों का चयन
बहुत सोच-विचारकर ही करें...

**सही बात है...**
तलवार का घाव तो भर जाता है,
लेकिन
शब्दों का घाव
भरने पर भी नहीं भर पाता है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

उदास लोगों का
विकास नहीं होता,
निराश लोगों का
इतिहास नहीं होता,
सतर्क लोगों पर
पलट वार नहीं होता;
खुश रहने वालों के पास कभी
हार शब्द नहीं होता ...

**सही बात है...**

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत,
जिसने इसको जान लिया,
उसकी सबसे प्रीत ...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अपनों की हो या परायों की,
जब भी मदद करना
सोच-समझकर ही करना;
क्योंकि
मदद करोगे तो सब माँगेंगे,
मदद माँगोगे तो सब भागेंगे...

**सही बात है...**

इस दुनिया में ज्यादातर लोग स्वार्थी हैं,
आप इन स्वार्थी-लोगों से सुरक्षित रहें...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

दूसरों को दुःख नहीं
सुख देना सीखें,
क्योंकि
दुःख देने से जीवन भर दुःख मिलेगा
सुख देने से जीवन भर सुख मिलेगा;
इतना तो ध्यान रखें-
सुख नहीं दे सकते हों आप,
तो कम-से-कम दुःख तो नहीं दें आप...

**सही बात है...**

सुख सभी को अच्छा लगता है
दुःख किसी को अच्छा नहीं लगता है,
क्यों न सुख ही दिया जाये...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

लोग आपके बारे में क्या कह रहे हैं
इस बारे में विचार न करके
आप तो अपने काम में लगे रहें,
क्योंकि
आज के लोगों के पास
ज्यादा काम नहीं है;
वो आपके बारे में
अच्छा-बुरा सोचते ही रहेंगे...

**सही बात है...**

लोग आपके बारे में कैसा ही सोचें
आप अपने बारे में अच्छा ही सोचें,
अच्छी सोच वालों के साथ
हमेशा अच्छा ही होता है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

रिश्ते
गलतियों से कम
गलतफहमियों से ज्यादा टूटते हैं,
बातें होतीं कुछ और हैं
आप समझते कुछ और हैं
और अंत में
हो कुछ और ही जाता है...

**सही बात है...**

रिश्ते न तोड़ें, बातों को समझें,
हर बार व्यक्ति गलत नहीं होता
कई बार नजरिया भी गलत होता है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

बड़े कामों को करने में
तकलीफें तो बड़ी आती ही हैं,
मगर
सफलतायें भी बड़ी ही मिलती हैं,
विशेष इतना है–
बड़े कामों को करते वक्त;
जिसका धैर्य जितना बड़ा होगा
उसकी कीर्ति भी उतनी ही बड़ी होगी...

**सही बात है...**
बड़े आदमी बनना है
तो बड़े काम करें,
सामने खड़ी तकलीफों पर ध्यान न दें...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अपना काम बनाने के लिये
किसी का सहारा लेना बुरा नहीं है,
मगर
काम हो जाने के बाद
सहारा देने वाले को
बे-सहारा करके नहीं जाना चाहिये;
ईमानदार न बन पायें तो कोई बात नहीं
कम से कम बे-ईमान तो न बनें...

**सही बात है...**
सहारा देने वाले को धोखा देना,
सबसे निकृष्ट (ओछा) काम है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

बड़ों की हमेशा विनय करना
छोटों का कर्त्तव्य है
और
छोटों के प्रति प्रीति रखना
बड़ों का कर्त्तव्य है,
बड़ों को कभी भी छोटों से
ईर्ष्या नहीं करनी चाहिये,
छोटों को कभी भी बड़ों से
स्पर्धा नहीं करना चाहिये ...

**सही बात है...**

बड़े बड़प्पन बनाकर रखें
तो हमेशा बड़े बने रहेंगे,
छोटे बड़ों की बात मानते रहेंगे
तो जल्दी बड़े बन जायेंगे ...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

एक सामान्य बीज को
विशाल, छायावान और फलवान
वृक्ष बनने के लिये
किसान के अनुसार
भूमि–जल और वायु में रहना पड़ता है,
एक सामान्य मनुष्य को
मोक्षमार्गी, सर्वप्रिय–साधु
अथवा शिष्य बनने के लिये
गुरु के अनुसार
चलना, बोलना और जीना पड़ता है...

**सही बात है...**

शिष्य बनने के लिये
गुरुकृपा का पात्र बनना आवश्यक है,
बिना गुरु के
शिष्य के सारे काम अधूरे हैं...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

दूसरों से झूठ बोलना
या उन्हें ठगना
बहुत आसान है,
मगर
उससे उपार्जित पाप को भोगना
आसान नहीं है;
कर्मों के बही-खातों में
जिसका जैसा हिसाब चढ़ा है,
उसको वैसा ही वापस मिला है...

**सही बात है...**

अगर आपको परेशान न होना हो तो
दूसरों को परेशान करना बंद कर दें...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

हमेशा ऐसा प्रयास करें
जिससे आप खुश रहें
और
दूसरे लोग आपके कारण खुश रहें,
क्योंकि
खुश रहने वाले और खुश रखने वाले
बड़े-बड़े कामों को भी
छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा कर लेते हैं...

**सही बात है...**

खुश रहने से काम बनते हैं
और
जिससे काम बनते हैं
वो काम कभी न छोड़ें...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अपनी मुस्कुराहट से
दुनिया को बदलना,
मगर
दुनिया कभी
तुम्हारी मुस्कुराहट को बदल न पाये
इसका भी ध्यान रखना;
इस दुनिया में
दु:ख देने वाले ज्यादा
और खुशी देने वाले बहुत कम हैं...

**सही बात है...**

आप परिस्थितियों को बदलना सीखें
मगर
परिस्थितियाँ
कभी आपको न बदल पायें...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जिनकी उम्मीदें  हार चुकी हों,
ऐसे लोग
कभी नहीं जीत सकते हैं,
इसलिये
उम्मीदें कभी मत हारना
उम्मीदों के साथ जीते रहना...

**सही बात है...**

जीतना-हारना
सिर्फ बाहर का नहीं
अंदर का भी विषय है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

जिस दिन आपका
आत्मविश्वास सो गया,
उस दिन से आपकी
सफल होने की उम्मीदें भी सो जायेंगी;
इसलिये
अपने आत्मविश्वास को
हमेशा जाग्रत रखें...

**सही बात है...**

जो सोया है वो जाग सकता है,
मगर
जिसका आत्मविश्वास सोया है
वो जागकर भी सोया है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

कुछ लोग
आज की जिन्दगी जीने के लिये
अपनी कल की जिन्दगी को
बर्बाद कर देते हैं,
ऐसे लोगों से
आप दूरी बनाकर रखें
ताकि आपकी जिन्दगी भी
बर्बाद न हो जाये ...

**सही बात है...**

जिसे अपने भविष्य की चिंता नहीं,
उसके साथ रहकर
आपका भविष्य भी नहीं बन सकता ...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

हमेशा हर कार्य को
धैर्य और शांति से करें,
कार्य की पूर्णता में
जितना हिस्सा
मेहनत और भाग्य का है,
उतना ही
धैर्य और शान्ति का भी है...

**सही बात है...**

बीज बोओ,
प्रतीक्षा करो,
सिंचन तुम्हारा धर्म है
बरगद अपने आप फूटेगा...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

अपने व्यक्तित्व को
सहज-सरल बनायें,
व्यक्तित्व कुछ ऐसा बनायें
कि आप लोगों से
और लोग आपसे
अंदर तक जुड़े रहें;
क्योंकि
मुश्किलों में वो ही साथ देगा
जो आपसे जुड़ा होगा ...

**सही बात है...**

आपकी पहचान
आपके व्यक्तित्व के निर्माण से है
दूसरों के बिगाड़ से नहीं...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

लोग आपके बारे में
चाहे जो कहें,
मगर
आप लोगों के बारे में
हमेशा अच्छा ही कहें;
कोई आपका बुरा भी करे
तो भी
आप हमेशा उसका अच्छा ही करें...

**सही बात है...**
बुरे लोगों का पता नहीं,
मगर
अच्छे लोगों के शब्द और सोच
हमेशा अच्छी ही होती है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

शिक्षा की प्राप्ति करना
और
शिक्षा का प्रयोग करना
दोनों अलग-अलग बातें हैं,
अगर आप
शिक्षा का प्रयोग करना नहीं जानते हैं,
तो आपका शिक्षा ग्रहण करना व्यर्थ है...

**सही बात है...**
गले से नीचे उतरा भोजन
शरीर को पुष्ट करता है,
बुद्धि के अंदर उतरा वाक्य
व्यक्तित्व को पुष्ट करता है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

दर्द और कड़वी बोली
बहुत लोग देना जानते हैं,
मगर सहना
हर किसी के बस की बात नहीं;
मेरा यही अनुभव है–
जिसे भी जीना सीखना हो
उसे दर्द और कड़वी बोली सहना
सीख लेना चाहिये...

**सही बात है...**
तरक्की करने वाले को ही
दर्द और कड़वी बोली मीठी लगती है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

लोग अपना अच्छा-बुरा
खुद करते हैं
और
अपनी किस्मत भी खुद ही लिखते हैं,
खास बात ये है
लोग अपनी किस्मत में दर्द
हसते-हसते लिखते हैं;
मगर
दर्द तो
रोते-रोते ही सहना पड़ता है...

**सही बात है...**

कुछ भी करें, सोच समझकर करें;
क्योंकि
खुद को ही दु:खों में जीना पड़ता है
और दु:खों को सहना पड़ता है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

मिठाई खाने से
या खिलाने से
आप बड़े नहीं हो सकते हैं,
बड़ा बनने के लिये
मिठाई की तरह
मधुर बोल,
मधुर सोच
और
मधुर व्यवहार भी होना चाहिये...

**सही बात है...**

मीठा खाने से
मुख मीठा होता है,
मगर
व्यवहार में मिठास हो
तो जीवन मीठा होता है...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

कुछ लोगों से
आप जुड़ना चाहते हैं,
और कुछ लोग
आपसे जुड़ना चाहते हैं,
जुड़ना न जुड़ना ये तो नियोग है
जुड़ने-जोड़ने की इस प्रक्रिया  में
गुरु से जुड़े रहना
यही जीवन की कला है...

**सही बात है...**

जुड़ना-जोड़ना बुरा नहीं
गुरु से जुड़े न रह पाना बुरा है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

मनुष्य के पास
जितना धन बढ़ता है
उसकी लालसायें भी
उतनी ही बढ़ती जाती हैं,
वहीं
मनुष्य के पास
जितना धर्म बढ़ता है
उसकी लालसायें भी
उतनी ही घटती जाती हैं;
लालसा घटाने के लिये
धन नहीं धर्म बढ़ाइये...

**सही बात है...**

प्यास
पानी से ही मिटती है,
रोटी से नहीं...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

साल के अंतिम दिनों में
हिसाब–किताब कर लो,
कौन अपना अपना बचा है?
कौन अपना पराया हो गया है?
इसका विचार कर लो?
किस–किस ने धोखा दिया है?
किस–किस ने ठुकराया है?
यह याद मत रखना;
किस–किस ने संभाला था
इसका विचार कर लो...

**सही बात है...**

जिन्दगी अभी खत्म नहीं हुई है,
धैर्य से जीना
कोई किसी का नहीं रहता
इसका विचार कर लो...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

## सही बातें
### प्रयास

जिन्दगी हमें वो नहीं देती
जो हम चाहते हैं,
जिन्दगी हमें वो देती है
जो हम लिखाकर आते हैं,
खास बात ये है कि
हम इसे अपने पुरुषार्थ से
बदल भी सकते हैं;
क्योंकि
मेहनत का फल पुण्य है...

**सही बात है...**

आज का पुरुषार्थ कल का पुण्य है,
कल का पुरुषार्थ आज का पुण्य है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

किसी से भी जुड़ने के पहले
अथवा
किसी को जीवन में जोड़ने से पहले,
उसके लक्षण और स्वभाव की जाँच
जरूर करना,
गलत व्यक्ति के जुड़ने से
सुखमय जीवन
दु:खमय हो सकता है...

**सही बात है...**

बिना परीक्षण के
भौंरा भी हर फूल पर नहीं बैठता,
गाय भी हर घास को नहीं खाती,
फिर आप तो इन्सान है...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

बीते वर्ष कई लोगों ने
आपका दिल दुःखाया होगा,
अगर इस वर्ष
उन दिल दुःखाने वालों की याद
दिल में रह जाये
तो समझना,
साल तो नया आ गया
हम वो ही पुराने रह गये हैं...

**सही बात है...**

साल
हर साल बदलेगा,
सोचना ये है
हम कब बदलेंगे...

✍ श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

मित्रो !
समय का सद्-उपयोग करें,
क्योंकि
समय निकलने के पश्चात्
सिर्फ और सिर्फ
पश्चात्ताप ही बचता है;
हो सके तो
अपने बीते हुये कल से शिक्षा लें
आने वाले कल का विचार करें
और
आज भरपूर मेहनत करें...

**सही बात है...**

जो समय का मोल समझते हैं
समय उन्हें अनमोल बना देता है,
जो समय को बर्बाद करते हैं
समय उन्हें बर्बाद कर देता है...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

मित्रो !

साल तो हर साल बदलता है,
मगर
इस साल हमें
पुराने साल के साथ-साथ
अपना पुराना नजरिया भी बदलना है;
नजरिया बदल जायेगा
तो साल क्या
जिन्दगी भी बदल जायेगी...

**सही बात है...**

जिसका नजरिया सही होता है
उसको काली कोयल भी
सुन्दर लगती है ...

✍श्रुतसंवेगी आदित्यसागर

# सही बातें
## प्रयास

भगवान महावीर का संदेश
केवल दीवारों पर मत लिखो
उसे दिलों में उतारने का
प्रयास भी करो,
दीवारों पर लिखने से
प्रभावना नहीं होगी,
दिलों में उतारने से प्रभावना होगी,
इसलिये,
न किसी को हाथ-पैरों से चोट दो,
न किसी को शब्दों से चोट दो,
न किसी के लिये मन में बुरा सोचो...

**सही बात है...**

महावीर के अनुयायी हम तभी बन पायेंगे
जब महावीर के संदेशों को हम
खुद में उतार पायेंगे ...

श्रुतसंवेगी आदित्यसागर